जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2022/117 दिनांक : 24.01.2022

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अनुदानित/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :- ई-प्रवेश के माध्यम से हुए छात्रों के प्रवेश आवेदन पत्रों में विषय परिवर्तन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ई-प्रवेश के माध्यम से छात्रों के मूल आवेदन पत्रों में विषय परिवर्तन हेतु छात्रों द्वारा महाविद्यालयों में आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा ऐसे सभी आवेदन पत्रों में विषय परिवर्तन हेतु एक लिंक एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से तैयार करवाई गई है जो महाविद्यालय के प्राचार्य लॉगिन में उपलब्ध करायी जा रही है। लिंक निम्नानुसार है - **https://jiwaji.mponline.gov.in/Portal/Services/JIWAJI/Admission/OrgUser/UnivUpdateSubject.aspx?langid=en-US**

पूर्व में भी आपको सूचित किया गया था कि उपरोक्त सभी विषय परिवर्तन के आवेदनों का निराकरण प्राचार्य द्वारा ही किया जावेगा। अतः आपसे निवेदन है कि अपने लॉगिन में उपलब्ध इस लिंक का उपयोग कर समस्त छात्रों के विषय परिवर्तन का कार्य दिनांक 04.02.2022 तक सम्पन्न करें। छात्रों के विषय परिवर्तन होने के उपरान्त उसके प्रिंटआउट लेकर छात्रों के हस्ताक्षर करवाएं एवं एकजाई हस्ताक्षरित कॉपी विश्वविद्यालय को भेजें। कृपया ध्यान रखें कि समस्त छात्रों को विषय परिवर्तन हेतु यह अंतिम मौका है और इसके पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी तरह के विषय परिवर्तन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किए जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0/उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)

विभिन्न पत्र